**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**17 मई 2025, समय 1810**

**समाचार**

- केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया।
- ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना के पराक्रम के सम्मान में लाडवा कैथल और भिवानी में तिरंगा यात्रायें निकली गई।
- हरियाणा पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हिसार निवासी एक यूट्यूबर ज्योति रानी को गिरफ्तार किया।
- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना अदालत में डिजिटल सुविधाओं से युक्त ई-पुस्तकालय का उद्घाटन किया।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया। परिणाम 92.49 प्रतिशत रहा।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य प्रमुख देशों की यात्रा पर जाएंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनेता और प्रबुद्ध राजनयिक शामिल होंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि को परिलक्षित करती है। उन्होंने कहा कि भारत का यह सामूहिक संकल्प दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करता है।

*************************************************************************

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता और सेना के सम्मान में आज कुरुक्षेत्र के लाडवा में तिरंगा यात्रा निकली गई। इस यात्रा की अगुवाई हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की। इस अवसर पर यात्रा का आगाज करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाया गया ऑपरेशन सिन्दूर युद्ध नहीं था बल्कि यह नए भारत का एक प्रतिशोध था। हमारी सेनाओं ने मिसाइलें नहीं छोड़ी बल्कि उन्होंने ऐसा सन्देश दिया जिसकी गूँज अमेरिका और चीन तक भी पहुंची। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश सेनाओं के साथ खड़ा है। हमे अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाकर समूचे विश्व को आंतकवाद के प्रति संदेश दिया है। तिरंगा यात्रा में जिला उपायुक्त नेहा सिंह, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, बीजेपी के जिला अध्यक्ष तेजेंदर सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

*************************************************************************

कैथल, भिवानी और और फतेहाबाद में भी आज ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में तथा आमजन में देश भक्ति व राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई।यात्रा का शुभारंभ कुरूक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने किया। यात्रा गीता भवन मंदिर से शुरू होकर कमेटी चौक, शहीद स्मारक,एवं शहीद मदन लाल ढींगरा स्मारक, पिहोवा चौक सहित कई जगहों से गुजरी और लोगों में देश भक्ति का जोश और जुनून भर दिया। शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने कहा –

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने भारत माता का मस्तक गर्व से और ऊंचा कर दिया है। भिवानी में तिरंगा यात्रा में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व पूर्व सैनिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा में पुरूषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया तथा भारतीय सेना के पराक्रम एवं साहस को नमन किया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पुष्प वर्षा एवं फूल-मालाओं से तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

फतेहाबाद में जवाहर चौक से लेकर लाल बत्ती चौक तक राज्यसभा सांसद सुभाष बराला की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्री सुभाष बराला ने कहा कि पाकिस्तान की सेना व उनके प्रधानमंत्री खुद हार के सबूत दे रहे है।

*********************************************************************

हरियाणा पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हिसार निवासी एक यूट्यूबर ज्योति रानी को गिरफ्तार किया गया है। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है।

हिसार के पुलिस उप अधीक्षक कमलजीत ने बताया कि उसे अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि ज्योति चार बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की नजर उस पर थी। ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी और सोशल मीडिया के माध्यम से खुफिया जानकारियां भेज रही थी।

*********************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज नरवाना बार एसोसिएशन भवन में डिजिटल सुविधाओं से युक्त ई-पुस्तकालय का उद्घाटन किया।इस अवसर पर नरवाना बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नरवाना बार एसोसिएशन के भवन को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगाउन्होंने कहा कि ई-पुस्तकालय से वकील उच्च न्यायालय और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और अन्य प्रमाणित दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इससे विभिन्न मामलों की तैयारी में अधिवक्ताओं को ऑनलाइन मदद मिलेगी साथ ही न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ेगी ।

*********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया है। परीक्षा परिणाम 92.49 प्रतिशत रहा है। वहीं रेवाड़ी जिला 96.85 पास प्रतिशत के साथ प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर है।हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डा. मुनीश नागपाल ने बोर्ड परिसर में पत्रकार वार्ता में परिणाम घोषित किया।

परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते है।बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने बताया -

5 -बाइट -पवन कुमार -26 सेकंडउन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 94.0 प्रतिशत छात्राएं तथा 91.07 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। इसके अलावा 10वीं की ओपन स्कूल की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 15.79 व ओपन स्कूल की ही रि-अपीयर का परीक्षा परिणाम 70.23 प्रतिशत रहा।रेवाड़ी जिले के गांव हांसाका की छात्रा मेघा ने अव्वल रहने वाले तीन छात्रों की सूची में स्थान पाया है।

*************************************************************************

मौसम विभाग ने आज, कल और परसों हरियाणा में कुछेक स्थानों पर हलकी से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।विभाग ने कहा है कि आज कुछेक स्थानों पर धूल भरी आंधी भी चल सकती है। इसके अलावा 19 मई से 21 मई तक गरज, चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सिरसा अभी तक 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहा, जबकि हरियाणा के बहुत से शहरों में तापमान 40 से 44 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।